राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग

क्रमांकः प.5(1) शिक्षा–6/2011/पार्ट जयपुर, दिनांकः–22.07.2022

:: विज्ञप्ति ::

विषयः– राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जुलाई, 2023 के सत्र में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा।

1. परीक्षा दिनांक – राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जुलाई, 2023 के सत्र के लिए आठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए (छात्र एवं छात्राएं दोनो आवेदन करने के पात्र है) 03 दिसम्वर, 2022 (शनिवार) को परीक्षा आयोजित की जायेगी।
2. आयु सीमा – परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा 01 जुलाई, 2023 को 11½ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई, 2010 से पहले और 01 जनवरी, 2012 के बाद का नहीं होना चाहिए।
3. शैक्षिक योग्यता– उक्त कॉलेज में प्रवेश के समय उम्मीदवार 01 जुलाई, 2023 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास किया होना जरूरी है।
4. परीक्षा की रूपरेखा, आवेदन प्राप्त करने का माध्यम एवं अन्य जानकारी के लिए कृपया आर.आई.एम.सी की वेबसाइट **www.rimc.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **www.education.rajasthan.gov.in** देखें।
5. परीक्षा केन्द्र – जयपुर (राजस्थान) होगा।

(मो. सलीम खान)
शासन उप सचिव

Rajasthan Education Department

NOTIFICATION

No. CE//Dec 22/NT

Rashtriya Indian Military College,
Dehradun
PIN- 248003

14 Jul 2022

To,

The Secretary (Education / Public Instructions)
All State Governments & UT Administrations (2 Copies)

**SUB: QUALIFYING EXAMINATION FOR ADMISSION OF STUDENTS TO THE RASHTRIYA INDIAN MILITARY COLLEGE, DEHRADUN FOR THE JUL 2023 TERM**

Sir,

1. The RIMC Entrance Examination for admission of Boys and Girls to **Class VIII** for the **Jul 2023** term will be held at the specified centers within the country on **03 Dec 2022 (Saturday)**. The candidates will be examined in the following subjects: -

Rajasthan Education Department

| S No | Subject | Maximum Marks |
|---|---|---|
| (a) | English Written Paper | 125 |
| (b) | Mathematics Written Paper | 200 |
| (c) | General Knowledge Written Paper | 75 |
| (d) | Viva-voce | 50<br>**(Only for candidates who qualify in the written exam)** |
| | **Total** | **450** |

सत्यमेव जयते

## Eligibility Criterion

2. Educational Qualification. The candidate should either be studying in **Class VII** or **passed Class VII** from any recognised school at the time of admission to the RIMC, i.e. on **01 Jul 2023.**

3. Age. Boys and Girls both are eligible to apply for admission to the RIMC, Dehradun. The candidate should be in the age bracket of 11½ to 13 years as on **01 Jul 2023, i.e., they should not be born earlier than 02 Jul 2010 and not later than 01 Jan 2012.** The applicants should be informed that no application for change in the date of birth, from that originally given by them would be entertained later by the college authorities.

## Schedule of Examination

4. Written Examination. The examination shall be conducted on **03 Dec 2022 (Saturday)** as per the following schedule -

| S No | Subject | Time | Remarks |
|---|---|---|---|
| (a) | Mathematics | 0930 to 1100 hrs | Candidate may answer in Hindi or English |
| (b) | General Knowledge | 1200 to 1300 hrs | -do- |
| (c) | English | 1430 to 1630 hrs | |

5. **Viva-Voce.** The viva-voce will be held for only those candidates who qualify the written exam. The list will be sent to the respective State Governments by the RIMC after approval from HQ ARTRAC. The date for viva-voce (designed primarily to test the **intelligence, personality, & communication skills** of candidates) **will be intimated later.**

6. The wards of Central Government employees can take their exam and viva-voce at the place of posting of either employee or domicile state, however, their candidature will be considered from their original domicile state. **It is, therefore mandatory for such candidates to get the application deposited in the same state where the exam has to be taken.**

7. **Result**. Result will be uploaded on RIMC website **www.rimc.gov.in**. Candidates are responsible to regularly check the website for latest status update. It is mandatory for all the selected candidates to join RIMC within 10 days, on receipt of the Joining Instructions. Joining Instructions will be sent to email ID as mentioned in Application Form by the candidates.

**Procedure to Obtain Application Forms**

8. The Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers can be obtained from **The Rashtriya Indian Military College, Garhi Cantt, Dehradun, Uttarakhand, Pin- 248003** by following methods:-

(a) **Online Payment**. The Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers can be obtained by making online payment of **Rs 600/-** for General Candidates & **Rs. 555/-** for SC/ST candidates on RIMC website **www.rimc.gov.in** (on receipt of the payment, the Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers will be dispatched by Speed Post only).

Or

(b) **By Sending Demand Draft**. The Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers can be obtained by sending a written request with a demand draft of **Rs 600/-** for General Candidates & **Rs 555/-** for SC/ST candidates along with caste certificate in favour of **"THE COMMANDANT RIMC DEHRADUN", DRAWEE BRANCH, STATE BANK OF INDIA, TEL BHAVAN, DEHRADUN, (BANK CODE-01576), UTTARAKHAND.** The address should be typed/written clearly in CAPITAL LETTERS with Pin Code and contact number. RIMC will NOT be responsible for any postal delay or loss in transit of prospectus caused by illegible or incomplete address. The delay on part of postal department is not the responsibility of RIMC.

Note:

- **The Application Form issued by RIMC only shall be valid. Application Forms locally printed/ photocopied and without RIMC Hologram (seal) shall not be accepted.**
- **No refund of the application fee will be done under any condition.**

9. **Documents**. Applications are to be submitted in duplicate. The mandatory documents which are required to be attached with Application Form are as under:-

(a) **Birth Certificate** (issued by Municipal Corporation/Gram Panchayat).

(b) **Domicile Certificate** of the candidate.

(c) **SC/ST Certificate** (where applicable).

(d) **A certificate from the Principal of the current school in which the candidate is studying,** with photograph attested stating the date of birth (as per the school records) and the class in which the candidate is studying is to be submitted in original.

(e) **Photocopy of Aadhar Card of the Candidate (both sides)** is a mandatory requirement failing which application will be rejected.

(f) Two passport size photographs

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Note: - Application Form should reach the respective State Governments (as given in Guidelines to Admission) by 15 Oct 2022. Kindly note that Application Form must be sent to the State Government and not to the Rashtriya Indian Military College, Dehradun, Uttarakhand.

10. Conduct of Examination by States /UTs. It is requested that necessary arrangements may please be made for holding the examination in the States, the name of the officers nominated for conducting the examination **(with telephone, fax numbers and e-mail address)** and demand of Question Papers may be communicated to the Commandant, RIMC, Dehradun by 25 Oct 2022. Adequate Publicity may please be given regarding this examination in the local newspapers **at least twice or thrice** through press release before 20 Jul 2022.

11. Answer books in respect of the candidates along with the Application Form may please be forwarded at the end of the examination in a sealed cover to the **Commandant, RIMC, Dehradun, Uttarakhand. (Pin-248003)**.

12. The viva-voce will be conducted by the State Governments only for those candidates who have qualified in the written examination on the date which will be intimated later. The constitution of the selection board is briefly mentioned in Para 8 of the Regulations Governing RIMC and shall be as follows: -

(a) Chief Secretary to the Government or in case the State Government so desires, any other Secretary of the State Government nominated by him.

(b) Two Military officers. (One of them should not be below the rank of Lt Col or equivalent from Army, Air Force or Navy). These officers will be detailed as far as possible from the nearest Military Station and all expenses of TA and DA etc will be borne by the Government of India.

(c) The State Director of Public Institutions or Director of Education or some senior officer nominated by him.

(d) Where practicable, a member of the State Public Service Commission.

13. The result of the viva-voce must be sent in a sealed envelope to the Commandant, RIMC, Dehradun, immediately **after the conduct of viva-voce. The same must also be conveyed by email the same day. The email id is rimcollege@yahoo.com.**

14. **Medical Examination**. Only the candidates finally selected after the viva-voice only will undergo a Medical Examination at selected Military Hospitals and only the candidates found medically fit will be considered for selection and admission to the RIMC. **Candidates should not consider themselves selected until Joining Instruction to this effect is issued and Call Up Notices are sent to them by the College authorities.**

15. Under no circumstances, any candidate or parents/guardians/relatives or friends are permitted to approach any officer in the Service Headquarters or any other person concerned with the selection of the candidates. Any attempt to do so is liable to result in rejection of the candidate.

16. A copy of the Press Note issued in this connection is enclosed for information. You are requested to publish the Press Note given with the notification.

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

17. **Important Dates**. Please note the under mentioned dates:-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Press Note by State Government to be published before | 20 Jul 2022 |
| (b) | Last date for acceptance of applications by State Governments | 15 Oct 2022 |
| (c) | Conduct of written exam | 03 Dec 2022 |
| (d) | Conduct of viva-voce of only those candidates who qualify the written exam | Dates will be intimated later |

18. The receipt of the letter may kindly be acknowledged.

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(125)

**PRESS RELEASE FOR RIMC ENTRANCE EXAMINATION: DEC 2022**
**PRESS INFORMATION BUREAU (DEFENCE WING) GOVERNMENT OF INDIA**

1. The Rashtriya Indian Military College is a Category 'A' Training Establishment of the Ministry of Defence. The College was established in 1922 with the primary aim of providing quality all round education.

2. Applications are invited from **Boys and Girls** for admission to **Class VIII** in the Rashtriya Indian Military College (RIMC), Dehradun (UK) for **Jul 2023 Term** which will be conducted at specified centres of respective states on **03 Dec 2022 (Saturday).**

3. Entry Age. Candidates appearing for the above test should not be less than **11½** years in age and should not have attained the age of **13** years as on **01 Jul 2023**, i.e. they should have been born, not earlier than **02 Jul 2010** and not later than **01 Jan 2012.**

4. Educational Qualification. Candidates should either be studying in **Class VII** or **passed Class VII** from any recognised school at the time of admission to the RIMC, i.e. on **01 Jul 2023.**

5. Scheme of Examination. The examination comprises of the following:-

(a) Written Examination. The examination in **Mathematics** (0930-1100hrs), **General** Knowledge (1200-1300hrs) and **English** (1430-1630) shall be conducted on **03 Dec 2022 (Saturday).**

(b) Viva-Voce. The date will be intimated later and will be held for only those candidates who qualify in the written exam. **Intelligence, personality and communication skills** of the candidates will be tested in the viva-voce.

(c) Medical Examination. All the candidates qualified after viva-voce will undergo a medical examination at selected Military Hospitals and only those candidates found medically fit will be considered for selection and admission to the RIMC. The medical examination of the candidates, forms only a part of the selection process and does not imply the final selection.

(d) The wards of Central Government employees can take their exam and viva-voce at the place of posting of employee/ domicile state. However, their candidature will be considered from their original domicile state. It is therefore mandatory to submit the application in the same state where the exam has to be taken.

(e) Viva-voce will be held for only those candidates who pass the written exam. The list will be sent to the respective State Governments by RIMC.

(f) Results will be updated on RIMC website www.rimc.gov.in. It is the candidate's responsibility to check the status regularly.

6. Examination Centers. Examination centers are generally located in the **state capitals** or in cities/towns as advertised.

7. Fee. The annual fee is **Rs. 77500/-** for General Candidates and **Rs. 63900/-** for SC/ST Candidates except for the first year. The fee structure may be revised periodically. Details of the annual fee for the first year are as under:-

| Ser No | Type of Candidate | Annual Fee | Security Deposit (One time in first term) | Total Fee | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | Gen Category Candidates | 77500/- | 30000/- | 107500/- | Security Deposit is refunded when the cadets graduate from the College. |
| (b) | SC/ST Category Candidates | 63900/- | 30000/- | 93900/- | -do- |

Rajasthan Education Department

8. Procedure to Obtain Application Forms. The Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers can be obtained from **The Rashtriya Indian Military College, Garhi Cantt, Dehradun, Uttarakhand, Pin- 248003** by following methods:-

(a) Online Payment. By making online payment of **Rs 600/-** for General Candidates & **Rs. 555/-** for SC/ST candidates on RIMC website www.rimc.gov.in (on receipt of the payment, the Prospectus-cum Application Form and Booklet of Old Question Papers will be dispatched by Speed Post only).

Or

(b) By Demand Draft The Prospectus-cum-Application Form and Booklet of Old Question Papers can be obtained by sending a written request with a demand draft of **Rs 600/-** for General Candidates & **Rs 555/-** for SC/ST candidates along with caste certificate in favour of "THE COMMANDANT RIMC DEHRADUN", DRAWEE BRANCH, STATE BANK OF INDIA, TEL BHAVAN, DEHRADUN, (BANK CODE-01576), UTTARAKHAND. The address should be typed/written clearly in CAPITAL LETTERS with Pin Code and contact number. RIMC will NOT be responsible for any postal delay or loss in transit of prospectus caused by illegible or incomplete address. The delay on part of postal department is not the responsibility of RIMC.

9. Documents to be Submitted. Applications are to be submitted in duplicate. The documents which are required to be attached with Application Form are as under:-

(a) Birth Certificate (issued by Municipal Corporation/Gram Panchayat).

(b) Domicile Certificate of the Candidate.

(c) SC/ST Certificate (where applicable).

(d) **A certificate from the Principal of the current school in which the student is studying**, with photograph attested stating the date of birth (as per the school records) and the class in which the candidate is studying is to be submitted in original.

(e) **Photocopy of Aadhar Card of the Candidate (both sides)** is a mandatory requirement failing which application will be rejected.

(f) **Two passport size photographs.**

10. Last Date of Submission. Application Form should reach the **respective State Governments** (as given in Guidelines to Admission) by **15 Oct 2022. Kindly note that Application Form must be sent to the State Government and not to the Rashtriya Indian Military College, Dehradun, Uttarakhand.**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

126

नोटिफिकेशन

[illegible]
राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज,
देहरादून
पिन 248003

14 जुलाई 2022

सेवा में,
सचिव ( शिक्षा /जन शिक्षा)
सभी राज्य सरकारें और संघ शासित प्रशासन (दो प्रतियाँ)

विषय राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के जुलाई 2023 के सत्र में उम्मीदवारों के प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा

महोदय,

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज जुलाई 2023 के सत्र के लिए आठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए अगली परीक्षा 03 दिसम्बर 2022 (शनिवार) को देश के कुछ चुने हुए केन्द्रों में होगी। उम्मीदवारों की परीक्षा निम्नलिखित विषयों में ली जाएगी:

| | विषय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| (क) | अंग्रेजी की लिखित परीक्षा | 125 अंक |
| (ख) | गणित की लिखित परीक्षा | 200 अंक |
| (ग) | सामान्य ज्ञान लिखित परीक्षा | 75 अंक |
| (घ) | साक्षात्कार - इसमें मुख्यतः उम्मीदवार की बुद्धि, व्यक्तित्व और संचार कौशल की परीक्षा ली जाएगी | 50 अंक (केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए) |
| | योग | 450 अंक |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

पात्रता मापदंड

2. आयु सीमा. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहारादून में प्रवेश पाने के लिए छात्र एवं छात्राएं दोनों आवेदन करने के पात्र हैं। उम्मीदवार की आयु 01 जुलाई 2023 को 11 ½ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई 2010 से पहले और 01 जनवरी 2012 के बाद नहीं होना चाहिए। आवेदकों को सूचित किया जाता है कि जो जन्म तिथि उन्होंने शुरू में दी है उसमें बाद में परिवर्तन करने के लिए राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के प्राधिकारी उनका कोई अनुरोध स्वीकार नहीं करेंगे।

परीक्षा की अनुसूची

3. गणित (0930-1100 बजे तक) और सामान्य ज्ञान (1200-1300 बजे तक) और अँग्रेजी (1430-1630 बजे तक 03 दिसम्बर 2022 (शनिवार) को होगी। साक्षात्कार की तारीख बाद में बताई जाएगी। गणित व सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्रों का उत्तर अँग्रेजी अथवा हिन्दी में दिया जा सकता है। सभी उम्मीदवारों की परीक्षा एक साथ ली जाएगी चाहे वे प्रश्न-पत्रों का उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में दें।

4. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे, लिखित परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा, संबन्धित कर्मचारी की पोस्टिंग राज्य/मूल अधिवास राज्य में दे सकते है। उनके अधिवास राज्य का निर्धारण उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगा, एवं उनकी उम्मीदवारी भी उनके मूल अधिवास राज्य के अनुसार होगी । <u>आवेदन पत्र उसी राज्य में जमा करना अनिवार्य है, जहां से उम्मीदवार परीक्षा देना चाहते हैं।</u>

5. साक्षात्कार केवल उन्हीं उम्मीदवारों का होगा जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे। इन उम्मीदवारों की सूची मुख्यालय सैन्य प्रशिक्षण कमांड की स्वीकृति के बाद सभी राज्य सरकारों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के द्वारा भेजी जाएगी।

6. परीक्षा परिणाम आर.आई.एम.सी.की वैबसाइट www.rimc.gov.in में डाला जाता है, जिसकी जांच करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

7. सभी चयनित उम्मीदवारों को, प्रवेशाधिकार निर्देश प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर दाखिला लेना अनिवार्य होगा। प्रवेशाधिकार निर्देश आवेदन पत्र में दिये गये ईमेल पर भेजे जायेंगे।

8. <u>आवेदन पत्र</u>. आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहारादून से प्राप्त कर सकते है:-

(क) <u>ऑनलाइन भुगतान के द्वारा</u>. आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रु. 600/- एवं अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार रु. 555/- <u>आर.आई.एम.सी. की वैबसाइट www.rimc.gov.in से ऑनलाइन भुगतान करके भी प्राप्त कर सकते हैं</u>। (भुगतान प्राप्त होने के बाद, आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जायेंगे)।

Rajasthan Education Department

या

(ख) <u>डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा</u>. आवेदन पत्र और विवरण-पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीदवार रु. 600/- एवं अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार रु. 555/- का बैंक ड्राफ्ट <u>कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहारादून</u> के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जाएगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता अंकित/हस्तलिखित रूप से अँग्रेजी में, पोस्टल पिन कोड तथा फोन नंबर के साथ लिख कर भेजे। अपठनीय,अपूर्ण पता तथा डाक विलम्ब/नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज नहीं होगा।

सत्यमेव जयते

<u>ध्यान दें</u>:-

- केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज से प्राप्त आवेदन-पत्र मान्य होंगे। बाज़ार में मिलने वाले या फोटो कॉपी किये गये तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन-पत्रों की मान्यता नहीं होगी।
- आवेदन शुल्क की वापसी किसी भी दशा में नहीं होगी।

9. <u>दस्तावेज़</u>. आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) निम्नलिखित दस्तावेज़ों के साथ जमा होगा।

(क) जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचायत से)।

(ख) मूल निवास प्रमाण पत्र।

(ग) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र।

(घ) प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मूल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ प्रमाण पत्र।

(ङ) आवेदन-पत्र के साथ उम्मीदवार का आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है और जमा ना कर पाने पर उम्मीदवार का आवेदन-पत्र रद्द कर दिया जाएगा।

(ज) दो पासपोर्ट आकार कि फोटो।

कृपया ध्यान दें आवेदन पत्र, दो प्रतियों में भरकर अपने-अपने राज्य सरकार को 15 अक्टूबर 2022 तक अथवा उसके पहले उस राज्य (जैसा कि प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेखित किया गया हो) में जमा हो जाना चाहिए जिस राज्य के उम्मीदवार के माता-पिता मूल निवासी हैं। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून को आवेदन पत्र न भेजें।

10. **राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से** यह अनुरोध है कि राज्य में उक्त परीक्षा लेने के लिए पिछले वर्ष की तरह ही आवश्यक प्रबन्ध किए जाएँ और परीक्षा लेने वाले अधिकारियों के नाम व आवश्यक प्रश्न-पत्रों कि संख्या (दूरभाष और ईमेल सहित) **25 अक्टूबर 2022** तक कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून को भेज दिए जाएं। समाचार-पत्रों में यह विज्ञप्ति दो या तीन बार स्पष्ट रूप से **20 जुलाई 2022** से पहले जारी की जाए। आवेदन पत्र आर.आई.एम.सी. की वेबसाइट www.rimc.gov.in से ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं।

11. प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा समाप्त होने पर उम्मीदवार द्वारा भेजे गए आवेदन पत्र और उत्तर पुस्तिकाएँ मुहर बंद लिफाफे में कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून, उत्तराखंड-248003 को भेजी जाएँ।

12. **मौखिक परीक्षा का आयोजन (केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का) राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा और तारीख बाद में बता दी जाएगी।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के नियमों के अनुच्छेद 8 के अनुसार मौखिक परीक्षा के लिए बोर्ड का गठन निम्न प्रकार से होगा:-

(क) राज्य के मुख्य सचिव अथवा यदि राज्य सरकार चाहे तो वह राज्य सरकार के किसी दूसरे सचिव को नामित कर सकती है।

(ख) दो सैनिक अधिकारी जिसमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल या समकक्ष ( थल सेना, वायु सेना या नौसेना से) के रैंक से नीचे का नहीं होना चाहिए। जहां तक संभव हो इन अधिकारियों को समीप के सैन्य स्टेशन से तैनात किया जाएगा और इनके सभी खर्च जैसे यात्रा, भत्ता, दैनिक भत्ता आदि भारत सरकार वहन करेगी।

(ग) राज्य के जन शिक्षा निदेशक या शिक्षा निदेशक अथवा उसके द्वारा नामित कोई वरिष्ठ अधिकारी।

(घ) राज्य लोक सेवा आयोग का एक सदस्य, यदि ऐसा करना व्यावहारिक हो।

13. उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों के परिणाम मौखिक परीक्षा के तुरंत बाद मुहर बंद लिफाफे में कमांडेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून को भेजे जाएँ, तथा उपरोक्त को उसी दिन ईमेल से भी भेजना जरूरी है। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून का ईमेल आइ-डी rimcollege@yahoo.com है।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

स्वास्थ्य परीक्षण

14. सभी मौखिक परीक्षा के बाद सफल उम्मीदवारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीदवारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीदवार को तब तक अंतिम रूप से चुन लिया गया नहीं समझना चाहिए, जब तक इस संबंध में सरकारी आदेश जारी नहीं हो जाते हैं और उन्हें राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।

15. किसी उम्मीदवार या उसके माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदार अथवा मित्र को किसी भी हालत में सेना मुख्यालय में किसी भी अधिकारी अथवा उम्मीदवारों के चयन से संबंध रखने वाले किसी भी व्यक्ति से मिलने की कोई इजाजत नहीं होगी। अगर किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उम्मीदवार का नाम रद्द किया जा सकता है।

16. इस संबंध में प्रैस नोट की प्रति सूचना के लिए संलगन है।

17. कृपया निम्नलिखित को नोट करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | **प्रैस नोट** (राज्य सरकार द्वारा) | - | 20 जुलाई 2022 |
| (ख) | **आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि** | - | 15 अक्टूबर 2022 |
| (ग) | परीक्षा की तिथि | - | 03 दिसम्बर 2022 |
| (घ) | साक्षात्कार(केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए) | - | तारीख बाद में बता दी जाएगी। |

18. कृपया इस पत्र की पावती भेजे।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते